प्रातःकालीन प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी भोपाल
दि. 03.10.2023

मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा – डबल इंजन सरकार से हो रहा है दोहरा विकास। प्रदेश को दी 19 हजार करोड़ रूपये से अधिक की सौगातें ।
- अमरीकी प्रोफेसर कातलिन कारिको और ड्रीयू वाइजमैन को चिकित्सा क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए दिया जायेगा नोबल पुरस्कार।
- रायसेन जिले के बम्होरी और सुल्तानगंज को तहसील का दर्जा मिलेगा, मुख्यमंत्री ने की घोषणा।
- हांगचोओ एशियाई खेलों में भारत का शानदार प्रदर्शन, तीन रजत और चार कांस्य पदक के साथ ही पदको की संख्या 60 हुई ।

पीएम/ ग्वालियर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि कोई सरकार एक वर्ष में जितने काम करती है। हमारी सरकार ने उतने कार्य एक दिन में किए है। उन्होंने कल ग्वालियर में सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश का डबल इंजन सरकार पर भरोसा है, डबल इंजन सरकार के चलते प्रदेश का दोहरा विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने मध्ययप्रदेश को देश के दस शीर्ष राज्यों में स्थान दिलाया है हमारा लक्ष्य है मध्यप्रदेश की गणना देश के शीर्ष तीन राज्यों में की जाए। विश्व में भारत के बढ़ते प्रभाव के बारे में श्री मोदी ने कहा कि दुनिया भारत का गुणगान कर रही हैं। उन्होंने कहा कि विश्व् को भारत से बड़ी उम्मीदें हैं और पिछले नौ वर्षों में देश दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि मेरे अगले कार्यकाल में भारत, विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगा। श्री मोदी ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत महिलाओं का नाम पंजीकृत किए जाने से वे लख़पति बन गई हैं। महिला सशक्तिकरण को देश की जरूरत बताते हुए श्री मोदी ने कहा कि यह कोई वोट बैंक की राजनीति नहीं है, बल्कि महिलाओं को सशक्ति बनाने और समाज में परिवर्तन का अभियान है। श्री मोदी ने ग्वालियर में लगभग 19 हजार 260 करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। उन्होंने दिल्ली–वडोदरा एक्सप्रेसवे भी राष्ट्र को समर्पित किया। इसका निर्माण करीब 11 हजार 895 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है। प्रधानमंत्री ने एक हजार 880 करोड़ रुपये की लागत वाली पांच अलग–अलग सड़क परियोजनाओं की आधारशिला भी रखी।श्री मोदी ने 140 करोड़ रुपये की लागत से प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण के अंतर्गत करीब दो लाख 20 हजार और प्रधानमंत्री आवास योजना–शहरी के अंतर्गत बनाए गए करीब 1 हजार 3 सौ 55 से अधिक मकान भी लाभार्थियों को सौंपे। प्रधानमंत्री ने ग्वालियर और श्योपुर जिले के लिए एक हजार 530 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली जल जीवन मिशन परियोजनाओं का शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री ने ग्वालियर, विदिशा, बैतूल, कटनी, बुरहानपुर, नरसिंहपुर, दमोह और आगर मालवा में गहन चिकित्साल देखभाल इकाइयों की भी आधारशिला रखी। इनके निर्माण पर 150 करोड़ रुपये से अधिक की लागत आएगी।श्री मोदी ने आईआईटी इंदौर के शैक्षणिक भवन का लोकार्पण किया और परिसर में छात्रावास सहित अन्य भवनों की आधारशिला रखी।प्रधानमंत्री ने इंदौर में मल्टी–मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क और उज्जैन में एकीकृत औद्योगिक टाउनशिप की भी आधारशिला रखी और ग्वालियर में अटल बिहारी वाजपेयी दिव्यांग खेल प्रशिक्षण केन्द्र भी राष्ट्र को समर्पित किया।

नोबल चिकित्सा

चिकित्सा या शरीर विज्ञान क्षेत्र में वर्ष–2023 का नोबेल पुरस्कार संयुक्त रूप से हंगरी मूल की अमरीकी प्रोफेसर कातलिन कारिको और अमरीका के प्रोफेसर ड्रीयू वाइजमैन को प्रदान किया जाएगा। इन दोनों वैज्ञानिकों ने ऐसी प्रौद्योगिकी विकसित की जिससे एम–आरएनए आधारित कोविड टीकों का निर्माण संभव हो सका।

नोबेल पुरस्कार समिति ने कहा है कि आधुनिक समय में मानव स्वास्थ्य के लिए दोनों वैज्ञानिकों का योगदान काफी महत्वपूर्ण है। इनकी तकनीक से मानव स्वास्थ्य के लिए एक सबसे बडे खतरे के समय में अभूतपूर्व दर से टीकों का विकास हो पाया। ये टीके वायरस या बैक्टिरिया से लडने के लिए शरीर के प्रतिरोधक तंत्र को तैयार करते हैं।

तहसील

रायसेन जिले के बम्होरी और सुल्तानगंज अब तहसील बनेगा । बेगमगंज में जनपद का नया भवन तथा ऑडिटोरियम बनाया जाएगा। बेगमगंज और बम्होरी की शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के नये भवन स्वीकृत किए जाएंगे। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कल रायसेन में लगभग 100 करोड़ की सेमरी जलाशय नल–जल प्रदाय योजना का शुभारंभ करने के बाद एक जनसभा में ये घोषणाएं की। उन्होंने बेगमगंज में 99 करोड़ 96 लाख की लागत से सेमरी जलाशय आधारित समूह नल–जल–प्रदाय योजना का शुभारंभ किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी और दीनदयाल अंत्योदय समिति के अध्यक्ष और क्षेत्रीय विधायक श्री रामपाल सिंह भी उपस्थित थे।

सीएम कार्यक्रम.

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान आज 11 बजे भोपाल मेट्रो रेल ट्रॉयल रन का हरी झण्डी दिखाकर शुभारंभ करेंगे। ट्रॉयल रन का शुभारंभ कार्यक्रम सुभाष नगर डिपो में होगा। ट्रॉयल रन सुभाष नगर स्टेशन से रानी कमलापति स्टेशन तक होगा। सुभाष नगर से रानी कमलापति स्टेशन तक लगभग 5 किलोमीटर की दूरी है।श्री चौहान आज ही भोपाल में स्टेट मीडिया सेंटर का भूमि–पूजन भी करेंगे। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री श्री चौहान ने 7 सितम्बर 2023 को आयोजित पत्रकार समागम में अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त स्टेट मीडिया सेंटर के निर्माण की घोषणा की थी।

कोविड संवाद

इंदौर जिले के कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी ने कोविड महामारी के दौरान अपने माता–पिता को खोने वाले बच्चों की समस्याएं सुनने के लिये संवाद कार्यक्रम आयोजित किया। मुख्यमंत्री कोविड बाल सेवा योजना एवं प्रधानमंत्री केयर फॉर चिल्ड्रन योजना के पात्र बच्चो से संवाद कार्यक्रम के तहत कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी ने बच्चों से चर्चा कर उनकी समस्याओं का निराकरण किया। बच्चों को साईकिल, मिठाई, स्कूल बैग और अन्य उपहार भी दिये गये।

खेल

हांगचोओ एशियाई खेलों में कल भारत को तीन रजत और चार कांस्य पदक मिले हैं। इसके साथ ही भारत के कुल पदको की संख्या 60 हो गई है। एशियाई खेलों में अब की बार 100 पार का लक्ष्य लेकर उतरे भारतीय खिलाडियों का शानदार प्रदर्शन लगातार 9वें दिन भी जारी रहा। एथेलेटिक्स में महिलाओं की लंबी कूद स्पर्धा में भारत की इडापल्ली एनसी सोजन ने रजत पदक जीता। महिलाओं की स्टीमपल चेज स्पर्धा में पारूल चौधरी को रजत और प्रीति को कांस्य पदक मिला। चार गुणा चार सौ मीटर रिले मिक्स्ड् टीम स्पर्धा में भी भारत सिल्वर मेडेल जीतने में सफल रहा। स्पीड स्केटिंग में आज भारतीय महिला और पुरुष टीम ने कांस्य पदक जीता। टेबल टेनिस में भारत की सुतीर्था मुखर्जी और अयहिका मुखर्जी ने महिला डबल्स का कांस्य पदक जीता। एशियाई ओलंपिक समिति के अध्यक्ष राजा रणधीर सिंह ने भारतीय खिलाडियों के अब तक के प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त की है। पदक तालिका में भारत 13 स्वर्ण, 24 रजत और 23 कांस्य पदकों के साथ कुल 60 पदक लेकर चौथे स्थान पर है। चीन पहले, जापान दूसरे और कोरिया तीसरे स्थान पर है।

समाचार संक्षेप में...

- पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री रामखेलावन पटेल ने कल सतना जिले के अमरपाटन क्षेत्र में चार करोड़ 81 लाख रुपये की लागत से नहरों की मरम्मत कार्य का भूमिपूजन किया।
- शाजापुर जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत एक हजार 127 हितग्राहियों को गृहप्रवेश कराया गया है।

- कृषि विज्ञान केंद्र मुरैना द्वारा स्वच्छता पखवाड़े का आयोजन किया गया । इसके तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित कर स्वच्छता का संदेश दिया गया।
- आगरमालवा जिले के 12 सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों के लिए आईसीटी लैब और नौ सरकारी स्कूलों में स्मार्ट क्लास में कम्प्यूटर से पढ़ाई शुरू हो गई है।
- गांधी जयंती के अवसर पर  कल श्योपुर जिले नयागांव में स्वच्छता जागरुकता का आयोजन किया गया।